संख्या–cm-291
30/04/2026

मुख्यमंत्री ने खगड़िया जिला के महेशखूंट थाना क्षेत्र के गौछारी स्थित एन0एच0– 31 मार्ग पर सड़क दुर्घटना में 3 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- **मुख्यमंत्री ने सभी मृतकों के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग से 4–4 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का दिया निर्देश।**

पटना, 30 अप्रैल 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आज खगड़िया जिला के महेशखूंट थाना क्षेत्र के गौछारी स्थित एन0एच0– 31 मार्ग पर सड़क दुर्घटना में 3 लोगों की हुयी मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने सभी मृतकों के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग से 4–4 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने सड़क हादसे में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

******